चन्द्र ग्रह से संबंधित उपचार और दान आदि

चन्द्र ग्रह को शांत, प्रसन्न और बलशाली बनाकर, चन्द्र ग्रह के अशुभ प्रभावों को कम या न के बराबर करने और शुभ प्रभावों को बढ़ाकर और शीघ्र प्राप्त करने के लिए चन्द्र ग्रह के लिये निम्नलिखित सरल, प्रभावशाली और पर्यावरणहितैषी उपचार और दान आदि का अपनी क्षमता और सामर्थ्यानुसार प्रयोग में लाऐं जैसे प्रत्येक माह के किसी शुभ मुहूर्त पर पीपल का या कोई फलदार वृक्ष लगाएं। सोमवार को व्रत रखें। सफेद रंग की गाय पालें या उसकी सेवा करें। अपनी माता जी या उनके समान आयु वाली स्त्री की मदद या सेवा करें और उन्हे प्रसन्न रखें। चन्द्र ग्रह की वैदिक रीति से पूजा करें या करवाएं। चन्द्रमा के वैदिक मंत्र या सप्तअक्षरी मंत्र का जप करें या करवाएं, भगवान शिव की पूजा करें, शिव पुराण का पाठ करें या करवाना चाहिए। मोतियों की माला पहनें या मोती रत्न धारण करें, सफेद वस्तुओं का दान सोमवार के दिन करना चाहिए जैसे दूध, दही, चीनी, सफेद वस्त्र, चावल, मिठाई, फल और घृत आदि। यदि सम्भव हो सके तो सीपी जल, गोदूध, श्वेत चन्दन, स्फटिक, शंख जल और पंचगव्य आदि के जल से स्नान भी करना चाहिए।

जन्म कुण्डली में चन्द्रमा अपना महत्व तो रखते ही हैं पर मैंने चौंका देनें वाले परिणामो की गणना चन्द्र कुण्डली यानि चन्द्रलग्न से होते हुए भी देखी है।